प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि झामुमो से भाजपा में शामिल हुए चंपाई सोरेन सरायकेला से और सीता सोरेन जामताड़ा से चुनाव लड़ेंगी। वहीं चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से भाजपा ने टिकट दिया है। इधर, रांची सीट से सीपी सिंह और हटिया से नवीन जायसवाल पर पार्टी ने भरोसा जताया है। इस बार कांके विधायक समरीलाल, जमुआ विधायक केदार हाजरा और सिमरिया विधायक किशुन दास को पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। कांके से जीतू चरण राम, सिमरिया से उज्जवल दास और जमुआ से मंजू देवी को टिकट मिला है। वहीं बेरमो सीट से पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय को टिकट मिला है। गांडेय सीट से मुनिया देवी को मैदान में उतारा गया है। यहां इनका मुकाबला कल्पना सोरेन से होगा। भाजपा ने जमशेदपुर पूर्वी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास को मौका दिया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पोटका से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को मौका दिया है।

*****************

गोमिया से आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो 24 अक्टूबर को एनडीए प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद तेनुघाट स्थित जुबली मैदान में नामांकन सभा का आयोजन होगा। इस सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और एनडीए के वरीय नेता संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि दूसरे चरण की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी हो जायेगी। इसी के साथ नामांकन प्रपत्र खरीदने और पर्चा भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी।

*****************

भारतीय जनता पार्टी की जारी पहली सूची के अनुसार देवघर जिले की तीनों विधानसभा सीट में देवघर सीट पर नारायण दास लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरेंगे। वहीं सारठ विधानसभा क्षेत्र विधायक रणधीर कुमार सिंह को फिर टिकट मिला है। वहीं गंगानारायण सिंह को दूसरी बार मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने टिकट दिया है।

*****************

पलामू में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी जारी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

विधानसभा चुनाव के दौरान चतरा जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों के बूथों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जायेंगे। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआइजी सुनील भास्कर ने इसे लेकर चतरा समेत 5 जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कराईकेला थाना क्षेत्र के लादुराडीह और सुरुगड़ा के जंगलों में छिपा कर रखे गए दो एसएलआर राइफल बरामद किए हैं।

*****************

रांची रेल मंडल सुरक्षा को लेकर गठित फ्लाइंग टीम ने चेकिंग के दौरान शराब की बोतलों से भरा एक बैग जब्त किया है। इस सिलसिले में उपनिरीक्षक सोहनलाल ने बताया कि नामकुम साइड फुट ओवर ब्रिज के पास एक संदिग्ध थैला पाया गया।

*****************

देवघर पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग ने 15 एएसआई का तबादला किया है। सभी एएसआई पुलिस केंद्र में पदस्थ थे, सभी को विभिन्न थानों में भेजा गया है।

*****************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण झारखंड में 23 अक्टूबर से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आकाशवाणी को जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में दो से तीन दिनों तक इसका असर देखने को मिल सकता हैं। आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है और कई स्थानों पर छिटपुट बारिश भी हो सकती है। कई जगहों पर गरज के साथ छींटे भी पड़ सकते हैं।

******समाप्त******